अमन चैन के लिए जरूरी है आध्यात्मिक ज्ञान-सचिन

केन्द्रिय राज्यमंत्री श्री सचिन पायलट तथा जतिन प्रसाद ने किया मेडिटेशन हॉल का भव्य उदघाटन

अजमेर, 12 जुलाई। भारत सरकार के सूचना एवं प्रोद्योगिकी केन्द्रिय राज्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि मनुष्य को सर्वागिण विकास करने तथा पारिवारिक सुख शांति लाने के लिए जरूरी है कि जीवन को संतुलित बनाया जाये। अशांति, क्रोध, हिंसा, अराजकता से मुक्ति के लिए तथा समाज में अमन चैन के लिए आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में अपनाना अति आवश्यक है। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था अजमेर की स्थानीय शाखा श्री श्याम कालोनी में प्रभु उपहार भवन में नवनिर्मित मेडिटेशन हॉल के उदघाटन के अवसर पर उपस्थित सैकड़ों लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

अपने तयशुदा कार्यक्रम में आधे घंटे देरी से पहुंचे श्री पायलट ने कहा कि यह हमारा सौभागय है कि आज के दिन की शुरूआत अच्छे एवं शुभ कार्यों के साथ प्रारम्भ हो रही है। निश्चित तौर पर आज का दिन अच्छा व्यतीत होगा। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा पूरे विश्व में किये जा रहे मूल्यनिष्ठ समाज बनाने की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे ज्ञान की आवश्यकता है। जिससे अपराधमुक्त समाज की स्थापना हो सके तथा प्रत्येक मनुष्य के जीवन में सुखमय जीवन जीने की कला आ जाये। उन्होंने राजनीतिज्ञों को अपने जीवन में शांति और समृद्धि के लिए मेडिटेशन सीखने की महती आवश्कयता बतायी।

ब्रह्माकुमारीज संस्था माउण्ट आबू से आयी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्र0 कु0 शीलू ने कहा कि आज मनुष्य को अपने आप का ज्ञान होना जरूरी है। भौतिक जानकारियों का हमारे पास अम्बार है परन्तु स्व का ज्ञान न होने के कारण अनेक प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न हो रही है। इस मेडिटेशन हॉल के जरिये लोगों को अपने शाश्वत मूल्य, तनावमुक्त जीवन एवं बेहतर कार्य प्रणाली करने की विधि सीखने का अवसर प्राप्त होगा। बीकानेर से आयी ब्र0 कु0 कमल ने कहा कि हम कौन है कहॉं से आये इसको सीखने से जीवन में शांति की प्राप्ति होती है। इसके पश्चात उन्होंने थोड़े समय के लिए राजयोग का ध्यान भी कराया।

माउण्ट आबू से आये ब्रह्माकुमारीज संस्था शांतिवन आबू रोड के ब्र0 कु0 कोमल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अजमेर की राजयोग शिक्षिका ब्र0 कु0 रूपा ने किया। इस अवसर पर संस्था के सैकड़ों अनुयाई सहित शहर के गणमान्य नागरिक, राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के अधिकारी तथा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में केद्रिय राज्यमंत्री सचिन पायलट तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस केद्रिय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का संस्था पहुंचने पर तिलक, फूल और मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान माउण्ट आबू से आयी ब्र0 कु0 शीलू तथा कमल बहन ने साल ओढ़ाकर तथा ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मान किया। इसके साथ ही मानवाधिकार परिषद के सदस्यों ने भी उन्हें साफा पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पुष्कर की विधायिका श्रीमति नसीम अख्तर के साथ ही कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

फोटो, 1, 2, 3, 4, 5 भवन का उदघाटन करते माननीय अतिथि, स्टेज पर विराजमान महानुभाव तथा सभा में उपस्थित संस्था के अनुयाई तथा अन्य लोग।